# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–07.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. एनडीए और इंडी ब्लॉक के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप तेज, चुनाव प्रचार में अपनी–अपनी जीत के कर रहे दावे।
2. झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और झामुमो के बीच पोस्टर–वार जारी, चुनाव आयोग भी पोस्टर के जरिए लोगों को वोट देने के लिए कर रहा जागरूक।
3. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता के दायरे में रहकर चुनाव प्रचार का दिया निर्देश।
4. रांची समेत पूरे राज्य में छठ महापर्व का उत्साह चरम पर, आज अस्ताचलगामी सूर्य को दिया जायेगा अर्घ्य।
5. मौसम विभाग ने 11 नवंबर तक सुबह में धुंध और आंशिक बादल छाये रहने का जताया अनुमान, बारिश की संभावना नहीं।

*****************

पहले चरण में 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर एनडीए और इंडिया ब्लॉक के नेता और स्टार प्रचारकों ने अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार तेज कर दिये हैं। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हजारीबाग में चुनाव सभा में कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार से जनता त्रस्त है।

वहीं गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने खूंटी में आयोजित चुनावी सभा में झारखंड में पूर्व की डबल इंजन की सरकार पर निशाना साधा और दोगुनी ताकत से राज्य को कमजोर करने का आरोप लगाया।

*****************

झारखंड में पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। भाजपा और झामुमो के बीच अब पोस्टर–वार भी शुरू हो गया है। सभी पार्टियां अपने–अपने चुनावे वादे के साथ मतदाताओं को रिझाने में लगे हैं। वहीं चुनाव आयोग भी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

*****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के दायरे में चुनाव प्रचार करने को कहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि मतदाताओं को गुमराह करने के उद्देश्य से राजनैतिक दल और कार्यकर्ता बिना तथ्य के कोई गलत बयानबाजी नहीं करेंगे। बिना प्रमाणित आरोपों के तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर अन्य दलों अथवा दूसरे दलों के कार्यकर्ताओं की आलोचना नहीं करेंगे।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी सरायकेला–खरसावां जिले की, जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है।

*****************

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी 8 नवंबर को झारखंड आयेंगे। वे सिमडेगा के गांधी मैदान में दोपहर 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद लगभग 2 बजे लोहरदगा में बीएस कॉलेज ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 नवंबर को फिर झारखंड दौरे पर आयेंगे। यहां बोकारो के चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के चंडीपुर फुटबॉल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस सीट से नेता प्रतिपक्ष सह भाजपा के उम्मीदवार अमर बाउरी हैं।

*****************

हजारीबाग जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय के निर्देश पर मतदाता सूचना पर्ची वितरण का कार्य पूरे जिले में किया जा रहा है।

*****************

प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा का आज पटना के गुलबी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा। यहीं उनके पति की भी अंत्येष्टि की गयी थी। लोक गायिका ने इच्छा जतायी थी कि जहां उनके पति का अंतिम संस्कार हुआ है, वहीं उनकी भी अंत्येष्टि हो।

*****************

झारखंड–बिहार समेत देशभर में छठ पूजा का उत्साह है।

महापर्व के दूसरे दिन कल शाम खरना अनुष्ठान हुआ और इसके साथ ही छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। महापर्व के तीसरे दिन आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा जबकि कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ संपन्न हो जायेगा।

*****************

झारखंड के मौसम विज्ञान केंद्र ने आज और कल धुंध और आंशिक बादल छाये रहने का अनुमान जताया है। यह स्थिति लगभग सभी जिलों में रहेगी। मौसम केंद्र ने जारी रिपोर्ट में कहा कि 11 नवंबर तक आकाश में हल्के बादल छाये रहेंगे। फिलहाल बारिश का अनुमान नहीं है। बता दें 7 नवंबर को छठ पूजा का पहला अर्घ्य है और 8 नवंबर को दूसरा एवं अंतिम अर्घ्य है।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव जीतने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने पीएम मोदी और राहुल गांधी के झारखंड दौरे की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

हिन्दुस्तान ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसले में शीर्ष संस्थानों के लिए 3 प्रतिशत छूट पर शिक्षा ऋण दिये जाने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– होनहार छात्रों की अब नहीं रूकेगी पढ़ाई, मिलेगा 10 लाख तक ऋण।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – मोदी और खड़गे के आने से तेज हुई सरकार बनाने–बदलने की लड़ाई।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाईम्स और द टाईम्स ऑफ इंडिया ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की शानदार जीत को सुर्खी बनायी है।

*****************